तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 7 अप्रैल 2025



14 हाथी-गौर कर रहे फसल चौपट डर में खेत नहीं जा...





14 बोड़रीदादर स्थित चंडीदेव में जले 141 आस्था के...






## खबर संक्षेप



### आईपीएल मैच में सट्टा दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा में आईपीएल मैच में सट्टा लगाने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओम सांई ट्रेवल्र्स बस स्टैंड बागबाहरा में पपिंदर सिंह छाबड़ा नाम का व्यक्ति लोगो को मोबाईल फोन के माध्यम से रुपए पैसों का दांव लगवाकर आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिला रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को अपने मोबाइल से आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया। पूछताथ में आरोपी ने अपना नाम पपिंदर सिंह छाबड़ा पिता परमजीत सिंह छाबडा (41 वर्ष) वार्ड नं 08 बागबाहरा का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल कीमत 4000 रुपए बरामद किया, जिसमें आईपीएल क्रिकेट सट्टा खेलने खिलाने एवं क्रिकेट सट्टे की रकम संबंधी लेनदेन जानकारी थी एवं नगदी रकम 9640 रुपए कुल जुमला रकम 13640 को जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया। पुलिस ने बताया कि उक्त आईपीएल क्रिक्रेट सट्टा का सौदा जगजोत सिंह दुआ उर्फ गोल्डी वार्ड नं 08 बागबाहरा को उसके लाइन के मोबाईल नंबर के माध्यम से एवं क्रिकेट सट्टा की रकम नगदी हाथों हाथ देना लिखित में दिया गया। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 7 एलसीजी के तहत कार्रवाई की।

# कार्रवाई के तत्काल बाद फिर शुरु हुआ रेत घाटों में अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के अवैध रेत खदानों में उत्खननकर्ताओं की मनमानी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस दिन जब्ती कार्रवाई होती है उसके बाद तत्काल उन्हीं खदानों में फिर से अवैध उत्खनन की बेखौफ शुरु हो जाता है। बता दें कि खमतराई रेत घाट में अवैध तरीके से चल रही खुदाई पर कार्रवाई के ठीक बाद रात में ही अवैध उत्खनन शुरु हो गया।

भाजपा के शासनकाल में अवैध कार्यों की अधिकता के चलते राज्य सरकार की छबि धूमिल हो रही है। बता दें कि अवैध कार्यों में लिप्त उत्खननकर्ता गांव वालों और अफसरों को मंत्री स्तर की धौंस देने से भी नही चूकते। वहीं धौंस में आकर गांव फंड में पैसा लेने वाले गांवकारी समिति के लोग अवैध उत्खनन की बात अफसरों तक नही पहुंचने देते। हाल ही में खमतराई घाट में 15 दिन तक अवैध उत्खनन हुआ। अवैध उत्खननकर्ताओं की मानें तो घाट में आने वाले अफसर या कर्मी 20-25 हजार में सेट हो जाते हैं। दिन भर की दो लाख की कमाई में 25-50 हजार खर्च होना आम बात है।

**हरिभूमि लगातार** | **प्रदेश सरकार की छबि धूमिल कर रहे रेत माफिया**

### खानापूर्ति की कार्रवाई

सिरपुर से लगे खमतराई में अवैध रूप से रेत उत्खनन की जानकारी लेने पर ग्रामीणों ने बताया कि कार्रवाई के चलते शुक्रवार को दिन में काम बंद रहा, बाद रात में ये लोग फिर सक्रिय हो गए। दिन में भीषण गर्मी के चलते काम बंद रहता है। खमतराई के अवैध उत्खननकर्ताओं की मानें तो गढ़सिवनी, मोहकम, खड़सा, केडियाडीह, चिंगरौद, मुढ़ैना, नांदगांव सहित तुमगावं-सिरपुर क्षेत्र के सभी घाटों में तकरीबन रेत का उत्खनन अवैध तरीके से ही चल रहा है। सरकारी कर्मचारियों को पैसा देने के बाद 15-20 दिन झांकने नही आते। फिर एकाध कार्रवाई खानापूर्ति के लिए करवानी भी पड़ती है।



हरिभूमि

सरकारी छुट्टी का फायदा उठा रहे रेत के अवैध उत्खननकर्ता



हरिभूमि

खमतराई रेत घाट में अवैध उत्खनन करते मिला चैन माउंटेन मशीन जब्त

### सीधे विभाग में मिलने पहुंचते हैं ठेकेदार

गढ़सिवनी में उत्खननकर्ता के तौर पर कुछ स्थानीय नेताओं के साथ हाईवा संघ के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी का नाम सामने आया है। उक्त अवैध उत्खननकर्ता को शुक्रवार को खनिज विभाग के आसपास मंडराते देखा गया। बता दें कि महानदी के गढ़सिवनी क्षेत्र में उत्खनन कर आरंग की ओर से गाड़ी निकासी कराई जा रही है। शुक्रवार को हुई कार्रवाई खमतराई में तो हुई। कतिपय अफसरों से मेल मुलाकात के कारण गढ़सिवनी में हो रहा अवैध उत्खनन खनिज विभाग के अफसरों के नजर से बच गया।

## क्राइम : सिंघोड़ा पुलिस ने कार्रवाई की, कार में मिला 60 किलो गांजा

# कार से नौ लाख का गांजा जब्त, दो अंतरराज्यीय आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

लग्जरी कार से गांजा का अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नौ लाख रुपए का 60 किलो गांजा व कार जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार 6 अप्रैल को 7 बजे जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक ग्रे कलर की क्रेटा कार क्रमांक एमएच 16 बीवाय 1011 मे अवैध मनोत्तेजक मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे है। इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम सिंघोड़ा में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबीर के बताये हुलिए की एक कार वहां आई, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे जो पुलिस को देखकर अपने गाड़ी को तेज गति से भागने लगे, जिन्हें हमराह स्टाफ के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया।



पुलिस द्वारा भागने का कारण पूछने पर संदेहियों ने कार में गांजा होना बताया, इसके बाद कार की तलाशी ली गई। तलाशी दौरान कार के बीच सीट मे एक बोरी एवं पीछे डिक्की मे छुपाकर रखे दो नग प्लास्टिक बोरी में 20-20 किलोग्राम कुल 60 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सौरव साहेबराम इंदापुरे पिता साहेबराम इंदापुरे (24 साल) राजनगांव थाना भिडकी जिला औरंगाबाद महाराष्ट्र, सुयश भाउराव गोरे पिता भाउराव गोरे (23 साल) शिरसगांव थाना नेवासा जिला अहमदनगर महाराष्ट्र बताया।

आरोपियों के कब्जे से तीन नग प्लास्टिक बोरी में 20-20 किलोग्राम कुल 60 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 900000 रुपए घटना मे प्रयुक्त एक ग्रे कलर का क्रेटा कार कीमत 800000 रुपए, मोबाइल बरामद किया गया। मामले में आरोपियों को धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।



### जंगली सुअर का शिकार, 4 आरोपी गिरफ्तार

**सरायपाली।** वन परिक्षेत्र द्वारा जंगली सुअर का शिकार करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वन परिक्षेत्र सरायपाली अंतर्गत बहेरापाली के ग्राम पोटापारा में नारद पिता पंचराम बरिहा जाति बिंझवार (53 वर्ष) के घर में अवैध शिकार कर वन्यप्राणी मांस रखने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को मिली थी। इसकी जानकारी जिला वन मंडल अधिकारी को जानकारी दी गई। जिला वन मंडल अधिकारी पंकज राजपूत के निर्देशन पर उप वन मंडल अधिकारी अनिल भास्करन ने प्रत्यूष टांडेय व अन्य वन अधिकारी और कर्मचारियों ने सरायपाली परिक्षेत्र के बहेरापाली के ग्राम पोटापारा में दबिश देकर आरोपी के घर की तलाशी के दौरान वन्य प्राणी जंगली सुअर का 8 नग हड्डी तथा खून लगा हुआ प्लास्टिक बोरा एवं थैला जब्त किया गया है। आरोपी नारद बरिहा ने पूछताछ पर बताया कि उसके साथ हेमसागर साव पिता भुवनेश्वर, तिरिथ राम कोंध पिता जोगीलाल, प्रदीप कुमार सिदार पिता नंद कन्हैया सिदार वन्य जीव के शिकार में शामिल थे। इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध वन्यप्राणी सरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2 (16)ए, 39(3), 39(3)स, 43 (ए) 1 एवं धारा 09 तथा धारा 51 के तहत कार्रवी की जा रही है। उक्त आरोपियों को समक्ष न्यायालय प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट सरायपाली के आदेश से रिमांड में रखने हेतु जिला जेल महासमुंद भेजा गया है।




## खबर संक्षेप

### भोथा स्कूल की मोक्षिका का नवोदय में चयन

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथा में अध्ययनरत कक्षा 5वीं की छात्रा मोक्षिका का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद कक्षा 6वीं के लिए हुआ है। मोक्षिका शुरू से मेधावी छात्रा रही है। वह भेंडरी निवासी भुनेश्वर साहू शिक्षक, कामिनी साहू की पुत्री हैं। छात्रा के चयन में उनके गुरु भूपेंद्र साहू व जितेन्द्र पाल करेली बड़ी का विशेष योगदान रहा। शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष हेमलाल निषाद, यशवंत यादव पंच, प्रधानपाठक अमरसिंग मांडे सहित ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### खर्रा में हनुमान जन्मोत्सव 10 से

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक किया गया है। 10 अप्रैल को नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ ही हनुमंत श्रृंगार पश्चात अखंड रामायण पाठ होगा। 11 अप्रैल को गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। 12 अप्रैल को मुख्य अतिथि के रूप में अजय चंद्राकर कुरूद विधायक उपस्थित होंगे। अध्यक्षता केशरी ओमप्रकाश ध्रुव करेंगे। हवन पूजन के बाद भक्तों को महाप्रसादी वितरण किया जायेगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जय मारादेव मारिया पूरन जस झांकी परिवार, पचपेड़ी धमतरी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी टेमन साहू ने दी है।

### धीवर समाज ने 185 बच्चों को किया पुरस्कृत



**धमतरी।** धीवर समाज द्वारा चैत्र नवरात्रि पर समाज के बच्चों का मनोबल बढ़ाने, उन्हें धर्म और संस्कार तथा समाज से जोड़ने, उनकी कला को निखारकर प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तैयार करने के मकसद से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्रि पर आयोजित ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता में 47 बच्चे, सामान्य ज्ञान में 30 बच्चे, रंगोली में 38 बच्चे, फैंसी ड्रेस में 15 बच्चे, नृत्य में 17 बच्चे, क्राफ्ट में 03 बच्चे, कलश तथा थाल सजाओ प्रतियोगिता में 10 बच्चे, एकल गायन में 2 बच्चों ने भाग लिया। समाज की राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी अंजलि फूटान एवं रिया फूटान के मार्गदर्शन में 19 बच्चों ने कराते की विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। 185 बच्चों को समाज द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित और सम्मानित किया गया। धीवर समाज धमतरी परगना के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, महिला प्रकोष्ठ महासंरक्षक संध्या हिरवानी, अध्यक्ष आशा धीवर ने कहा कि बच्चों को धर्म और आस्था से जोड़ने, उनका मनोबल बढ़ाने यह आयोजन किया गया। मंच संचालन ओमप्रकाश नाग एवं सोहन धीवर ने किया।

# मिक्चर फैक्ट्री में आदिवासी युवक की कटीं उंगलियां, मैनेजमेंट ने घटना को छिपाए रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उद्योग में कार्यरत आदिवासी मजदूर की उंगलियां कट जाती है और एक दिन बाद पहुंची प्रशासनिक जांच दल को औद्योगिक क्षेत्र में एक अन्य फैक्ट्री में हुए हुए हादसे की भनक तक नहीं लग पाती है। बता दें कि बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र में संचालित पांचजन्य फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि. में 2 अप्रैल को कार्यरत एक आदिवासी युवक की तीन उंगलियां कट गई। मामले को प्रबंधन ने पुलिस, श्रम विभाग, स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग से पूरी घटना को छिपाए रखा।

जानकारी के अनुसार बिरकोनी इंडस्ट्रियल एरिया में चल रहे पांचजन्य फूड प्रोडक्ट्स प्रा.लि. में मिक्चर बनाया जाता है। 2 अप्रैल की दोपहर करीब 3 बजे पिथौरा ब्लॉक धनोरा निवासी हिमांशु दीवान (20) इस फैक्ट्री के दूसरे यूनिट बोरे में बेसन भरने का काम कर रहा था। मशीन बार-बार बंद चालू हो रहा था, जिसके चलते बेसन फंस रहा था। ऑपरेटर ने युवक को टैंक को ठोकने को कहा, मशीन फिर बंद हो गई तो युवक ने हाथ से बेसन साफ करने लगा। अचानक मशीन चल पड़ी और युवक के बांये हाथ की तीन उंगलियां मशीन में फंसकर कट गई। प्रबंधन ने आनन-फानन में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां युवक का इलाज चल रहा है। प्रबंधन द्वारा पुलिस को भी जानकारी नही दी गई।





### फैक्ट्रियों में लगतार हो रहे हादसे

उद्योगों में लगातार हो रहे हादसा के बावजूद स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम और उद्योग विभाग आंखें बंद करके बैठी है। मिक्चर फैक्ट्री में हुए हादसे के एक दिन बाद यानी 3 अप्रैल को जिला प्रशासन की एक संयुक्त टीम 500 मीटर दूर मनोरमा इंडस्ट्रीज एवं पारिजात इंडस्ट्रीज का निरीक्षण करने पहुंचे थे लेकिन, इस टीम को कुछ दूरी पर हुए हादसे की भनक तक नहीं। फैक्ट्री ने श्रम विभाग से 20 मजदूरों का लाइसेंस लिया है लेकिन 35 मजदूरों से काम लिए जाने की जानकारी मिली है। यहां 20 कर्मचारी बताकर सिर्फ 11-12 लोगों का ही पीएफ अकाउंट है। ऐसे ही ईएसआई में रजिस्ट्रेशन कराया गया है।

### नहीं मिली फायर सेफ्टी एनओसी

मिक्चर फैक्ट्री के प्रबंधक एक लाइसेंस पर 2-2 यूनिट चला रहे हैं। दूसरे यूनिट के फ्लोर मिल में जिस जगह घटना घटी है वो अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। इस यूनिट को पर्यावरण क्लीयरेंस, डेट ऑफ प्रोडक्शन (डीओपी), फायर सेफ्टी एनओसी अब तक नहीं मिली है। लेकिन, प्रबंधन द्वारा ट्रायल के नाम पर कई महीनों से उत्पादन कर रहे हैं।

### सरकारी नौकरी पाने की चाहत में

डीएड कर चुके हिमांशु दीवान ने बताया कि पढ़ाई के साथ कुछ काम कर के घर के लिए आर्थिक सहायता देने के लिए मिक्सचर फैक्ट्री में पिछले 15 दिनों से काम कर रहा है। प्रबंधन इलाज करा रहे हैं। मुआवजा के लिए कुछ भी नहीं बताया है। उसने बताया कि एक छोटा भाई, माता-पिता और दादा-दादी है। बड़े होने के कारण घर की जिम्मेदारी मुझ पर ज्यादा है।

### पुलिस को हादसे की जानकारी ही नहीं

फैक्ट्री के मैनेजर आर. सूर्य नारायण से पूछने पर बताया कि पर्यावरण क्लीयरेंस, डेट ऑफ प्रोडक्शन (डीओपी), फायर सेफ्टी एनओसी अभी नहीं मिली है। श्रम विभाग से 20 मजदूरों का लाइसेंस है लेकिन अभी 35 मजदूर काम कर रहे हैं। सिटी कोतवाली प्रभारी शरद दुबे का कहना है कि फैक्ट्री के मैनेजमेंट ने हादसे की कोई भी जानकारी नहीं दी है। हादसा हुआ है तो कार्रवाई करेंगे।

## आयोजन : देवीचंद राठी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा के बड़े नेता

# नपा उपाध्यक्ष राठी ने किया पदभार ग्रहण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के पदभार ग्रहण एवं जन्मदिन समारोह गरिमामय वातावरण में नगरपालिका परिसर मे सम्पन्न हुआ। बीटीआई रोड स्थित विधायक कार्यालय से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ रैली निकालकर नगरपालिका पंहुचे। नगरपालिका में राठी का अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रवेश द्वार में तिलक लगाकर नेताओं का अभिवादन किया गया।

पदभार ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद, अध्यक्षता ऐतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा महासमुंद, विशेष अतिथिगण चंद्रहास चंद्राकर अध्यक्ष छ.ग.राज्य कृषि एवं बीज निगम लिमिटेड, प्रफुल्ल विश्वकर्मा अध्यक्ष, छग लौह शिल्पकार विकास, डॉ विमल चोपड़ा पूर्व विधायक महासमुंद, पूनम चंद्राकर पूर्व राज्यमंत्री, इंद्रजीत सिंग खालसा गोल्डी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा, प्रदीप चंद्राकर जिला महामंत्री, महेंद्र सिका शहर मंडल अध्यक्ष भाजपा, के अलावा श्रीमति हुलसी चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद, श्रीमती सुधा साहू जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा महासमुंद, हरबंस सिंह ढिल्लो नानू भाई वरिष्ठ पार्षद, मुन्ना साहू, एम.आर. विश्वनाथन महामंत्री सहित पार्षदगण मंचस्थ थे।

मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवीचंद राठी को बधाई देते हुए कहा कि उपाध्यक्ष की जीत पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक रही यह जीत संगठन की एकता को प्रदर्शित करती है। भाजपा के 17 पार्षद होते हुये हमारे प्रत्याशी को 24 वोट प्राप्त हुए जिससे विरोधी दल सदमे में है। अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने कहा कि नगर पालिका उपाध्यक्ष चुनाव में राठी की जीत अभूतपूर्व रही। भाजपा के उपाध्यक्ष बनने से शहर के विकास द्रुतगति से होगा सभी दलगत राजनीति से उपर उठकर शहर का सर्वांगीण विकास कराये जब मेरी व संगठन के शीर्ष नेताओं की जरूरत पड़ेगी हम सब विकास के लिए संकल्पित है। विशेष अतिथि छ.ग. कृषि एवं बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने सभी पार्षदों को नसीहत देते हुये कहा कि नगर पालिका के अंदर सभी एक होकर शहर के लिए काम करें आपस में कोई मतभेद हो सकता है लेकिन मनभेद न करें। पार्टी के नेताओं का मार्गदर्शन सहयोग हमेशा आप सभी को मिलेगा।

विशेष अतिथि छ.ग. लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधि में सबसे कठिन काम पार्षदों का होता है। इन्हे 24 घंटे जागने की जरूरत है।

नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने अभूतपूर्व जीत के लिए सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं पार्षदों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि जीत का श्रेय भाजपा संगठन के कुशल नेतृत्व को जाता है। उन्होने विश्वास दिलाया कि शहर के विकास में पूर्ण ईमानदारी से काम किया जाएगा। दायित्व को निभाने का काम अच्छे से करते हुये केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन मानस तक दिलाया जाएगा। हम सब के प्रेरणास्त्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का विकास होना चाहिये उनके आदर्शो पर चलकर जनता की सेवा किया जाएगा। उन्होने कहा आगे कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व स्थानीय भाजपा संगठन के घोषणा पत्र में था कि सफाई दीदी व मित्रों को सप्ताह में एक दिन अवकाश व 8 घंटे से अधिक ड्यूटी न करें जैसे ही चुनाव सम्पन्न हुआ राज्य की विष्णुदेव सरकार ने 15 दिनो के अंदर सफाई दीदी एवं मित्रों की मांग पूरी कर दी लेकिन महासमुंद में आज तक अवकाश लागू नहीं हुआ राठी ने मंच से ही मुख्य नगरपालिका अधिकारी से निवेदन व निर्देश देते हुये कहा कि आने वाले 1 सप्ताह में इनका अवकाश देना चालू करे सरकार द्वारा दिये गये फायदे सफाई मित्रों को मिले। इसका ध्यान रखे।

स्वागत भाषण, सीएमओ. के प्रतिनिधि दुर्गेश कुंजेकर द्वारा किया गया। सभी अतिथियों एवं पार्षदों को स्मृति चिन्ह मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामें द्वारा भेंट किया गया। । मंच में ही उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के जन्मदिन पर समस्त अतिथियों एवं जनता की उपस्थिति में केक काटकर मिठाईयां बांटकर खुशी का इजहार किया गया। सभी ने जन्मदिन की बधाई दी। नगर पालिका कार्यालय के अन्दर सुसज्जित उपाध्यक्ष कक्ष का अतिथियों द्वारा फीता काटकर पूजा अर्चना के साथ उद्‌घाटन किया गया तथा देवीचंद राठी विधिवत पदभार ग्रहण किये।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभी पार्षदगण, पूर्व पार्षद मीना वर्मा, संदीप घोष, अरूणा शुक्ला, सुजाता विश्वनाथन, कौशिल्या बंसल, श्याम साकरकर, राजू चंद्राकर, अमृत चोपड़ा, राकेश सचदेव, मोहन साहू, पवन साहू, जितेंद्र साहू, मनीष बंसल, भारती चंद्राकर, उत्तरा प्रहरे, आनंद साहू, राहुल चंद्राकर, तारा चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, सीता टोन्डेकर, माखन पटेल, पीयूष साहू, धनेश्वरी सोनवानी, गोपाल वर्मा, महेश चैहान, रेखा बेहरा, भगवती करकसे, उषा पाल, लाल विजय सिंह, हिमांशु चंद्राकर, अजय चोपड़ा, मधु यादव, लक्ष्मी साहू, सुरेखा कंवर, शरद मराठा, रोहित चंद्राकर, यतिन्द्र राव, राजश्री ठाकुर, हेमलता, केशरवानी, मंगलू साहू, राजेन्द्र साहू, ज्योति चंद्राकर, सोनाई विश्वकर्मा, खिलावन यादव, दिनेश बेहरा, नईम खान, अशोक साहू, विजय साहू, बी. विशाल, सुनीता साहू, सारिका यादव, हेमकान्ती देवांगन, डॉ. केशव साहू, हन्नू साहू, पंकज कसने, ललित मांझी, ऋषभ बाफना, सुरेन्द्र महाराज, गोविन्द ठाकुर, आकाश पाण्डेय, अभिषेक पांडेय, शुभम पांडेय, जग्गू छूरा, सुदर्शन कुमार, रामेश्वर पटवा, गुड्डा सिन्हा, पन्नालाल चांडक, सोनाधर सोनवानी, ज्योति चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, राकेश श्रीवास्तव, विष्णु चंद्राकर, जग्गु छुरा, भागवत ढीमर, चित्ररेखा साहू, अर्चना चंद्राकर, श्यामदास मानिकपुरी, गौरव राठी, गुलशन राठी, गर्वित महोबिया, सुमंत शर्मा, गोपाल प्रधान, चुनेश्वरी साहू, अमित साहू, दीपक सिन्हा, आनंद परमार, सुरेश साहू, पुष्पांजलि सिन्हा, निशा नायक, श्रद्धा चंद्राकर, रमा महानन्द, राजवती साहू, शोभा साहू, द्रोपती नायक, सुमित जैन, , आदित्य जैन, पद्मनी पटेल, सती चंद्राकर, लता कैलाश चंद्राकर, अंजूला चौरसिया, तिरिथ सोनी, शोभा तंबोली, मंजू गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हनीष बग्गा ने किया तथा आभार भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका ने किया।

### दो सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल



**धमतरी।** शनिवार तथा रविवार को हुए दो हादसे में एक युवक की मौत और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात 10.30 बजे दोनर बोरसी मार्ग स्थित पुल के ऊपर एक अज्ञात वाहन ने बाइक में सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे ग्राम कोकड़ी निवासी देवेंद्रकुमार पिता कुलेश साहू 20 वर्ष की घटनास्थल पर मौत हो गई। उनके साथ बाइक में सवार सिवनीखुर्द निवासी युवक कौशलकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर अर्जुनी थाना की टीम एवं रक्तदान एम्बुलेंस सेवा संस्था के सदस्य मौके पर पहुंचे। घायल को 108 के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना शनिवार शाम 6-7 बजे की है। आमातालाब रोड निवासी राजेश रजक की लाश बागतराई मार्ग में ट्रांसफार्मर के पास मिली। बताया जा रहा है कि राजेश रजक की मौत करंट लगने से हुई है। वहीं रविवार को दोपहर 11 बजे बस्तर रोड स्थित निर्मल पेट्रोल पंप के पास तीन वाहन आपस में भिड़ गए। ग्राम परसवानी के आयसर चालक राजकुमार बंजारे एवं परिचालक ललित ग्राम सिर्वे निवासी तेल के डिब्बे लेकर जगदलपुर की ओर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से आयसर जा भिड़ी। वहीं घटना स्थल पर तीसरा वाहन भी टकरा गया। इस हादसे में राजकुमार बंजारे तथा ललित ध्रुव को चोट पहुंची है। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# निस्तारी पानी के लिए गंगरेल बांध का खुला मुंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

गर्मी का सीजन बाकी है। अप्रैल की शुरुआत में ही जिले का भूजल स्तर आधा मीटर नीचे चला गया है। सवा सौ गांवों के डेढ़ सौ हैंडपंप जवाब दे चुके हैं। इसी के साथ गांवों के सैकड़ों सूखते तालाबों को भरने की कवायद सिंचाई विभाग ने शुरु कर दी है। पीएचई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भूजल लेवल आधा मीटर नीचे चला गया है। जिले का औसतन भूजल लेवल 17.70 मीटर रहता है। यह नीचे गिरकर 18.20 मीटर पर चला गया है। मगरलोड ब्लाक में जलस्तर 19.75 मीटर, धमतरी ब्लाक में 19.16 मीटर, कुरूद विकासखंड में 16.50 मीटर, नगरी में 17.45 मीटर पर आ गया है। शहर सहित गांवों के तालाब सूखने लगे हैं। सिंचाई विभाग से पानी की डिमांड होने से 1 अप्रैल से निस्तारी के लिए पानी छोड़ने का सिलसिला शुरु हो गया है।



जिले के 390 गांवों को चिन्हांकित कर मुख्य नहर के माध्यम से शाखा नहरों में पानी छोड़ा जा रहा है। शहर के आसपास श्यामतरई, भटागांव, रूद्री, बेंद्रानवागांव, नवागांवखुर्द, बोरिदखुर्द के अलावा धमतरी शहर के आमातालाब और महिमासागर तालाब में पानी पहुंचने लगा है। वहीं बालोद जिले के 21 तालाबों को भरने पानी दिया जाएगा।

### डेढ़ सौ हैंडपंप ने दिया जवाब

नगरी ब्लाक के सियादेही, मोहलाई, सलोनी, छुही, साल्हेभाट, कांटाकुर्रीडीह, मुड़मतरा, मगरलोड के मड़ेली, अंजोरा, कमईपुर, बेलोरा, पठार, झाझरकेरा, बेंद्राचुआ, कुरूद के अंवरी, बगौद, बकली, बंजारी, नवागांव, थुहा, मुल्ले, धमतरी के भोयना, तुमराबहार, बेंद्रानवागांव समेत सवा सौ गांव के 152 हैंडपंपों का जलस्तर गिरने से पानी निकलना बंद हो गया है।

# बिना हाई सिक्युरिटी मार्क के दौड़ रहीं पुरानी गाड़ियां



- नई गाड़ियों में शो रूम से ही लगकर आ रही हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

वर्ष 2019 से पहले रजिस्टर्ड गाड़ियों में हाई सिक्युरिटी मार्क नहीं लगा है। मोटरयान अधिनियम के तहत सभी नई पुरानी गाड़ियों में इसे लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। नई गाड़ियों में शोरूम से ही हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट बनकर आ रही है लेकिन पुरानी गाड़ियों में हाई सिक्युरिटी मार्क लगाने का काम हद से ज्यादा सुस्त है। सिर्फ जिले में ही नहीं बल्कि पूरे देश में वाहनों की चोरी सहित वाहनों से कई अन्य प्रकार के अपराध के मामले बढ़ गए हैं। कई बार तो नम्बर प्लेट बदलकर अपराध किए जाते हैं। इन समस्याओं को देखते हुए परिवहन मंत्रालय ने हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। 2019 के बाद तो सभी नई गाड़ियों की नम्बर प्लेट में हाई सिक्युरिटी मार्क लगकर आ रहे हैं। इससे पुरानी गाड़ियों की नम्बर प्लेट में हाई सिक्युरिटी मार्क नहीं लगा है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों में यह चिन्ह लगाया जाना है। जिला परिवहन अधिकारी एमए मुजाहिद ने बताया कि यह चिन्ह प्राइवेट और कामर्शियल दोनों प्रकार के वाहनों में लगाया जाना है। हर वाहन के लिए शुल्क अलग- अलग निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वाहन मालिक वाहनों के शो रूम से या परिवहन विभाग जाकर अपने वाहन में हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण मार्क लगवा सकते हैं।

### इन दरों पर लगेगी नम्बर प्लेट

दोपहिया वाहन, कृषि उपयोगी ट्रैक्टर, पावर ट्रिलर के लिए बेस प्राइस 310 रुपए निर्धारित किया गया है। इसमें 55.80 रुपए जीएसटी के साथ मूल्य 365.80 रुपए है। तीन पहिया वाहनों में 362 रुपए, 65.16 रुपए जीएसटी के साथ 427.16 रुपए, हल्के वाहन, पैसेंजर कार के लिए 556 रुपए, 100.08 रुपए जीएसटी के साथ 656.08 रुपए निर्धारित हैं। सभी नम्बर प्लेट 100 रुपए अतिरिक्त शुल्क लेकर लगाई जायेगी।

## 5510 से 9909 रुपए तक अलग-अलग समिति अनुसार पत्ता की लगी बोली

# जबर्रा-दुगली के हरा सोना को मिला सबसे ज्यादा भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

- अछोटा समिति को सबसे कम भाव मिला

हरा सोना के नाम से मशहूर जिले के तेंदूपत्ता को इस साल अच्छा भाव मिला है। इसे खरीदने कर्नाटक, तेलंगाना, राजनांदगांव, रायपुर के ठेकेदारों ने बोली लगाई है। सबसे ज्यादा भाव जबर्रा, दुगली समिति के तेंदूपत्ता को करीब 10 हजार रूपये मानक बोरा मिला है। वहीं अछोटा समिति को सबसे कम भाव 5510 रूपये में संतोष करना पड़ा है।



जिले के जंगलों में होने वाला तेंदूपत्ता प्रदेश ही नहीं देशभर में प्रसिद्ध है। तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन वर्ष 2025 का समितिवार विक्रय कर लिया गया है। 27 समितियों की 23 लॉट के माध्यम से नीलामी हुई है। वन विभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 26800 मानक बोरा का लक्ष्य है। नगरी परिक्षेत्र की अमाली समिति को 1100 मानक बोरा लक्ष्य है। अमाली समिति के तेंदूपत्ता को रायपुर के फर्म करण कोटेचा ने 6849 रूपये प्रति मानक बोरा का अधिकतम भाव लगाया है। बिरगुड़ी परिक्षेत्र की सेमरा समिति को 800 मानक बोरा का लक्ष्य मिला है। हैदराबाद की दीपक रेड्डी फर्म ने बिरगुड़ी परिक्षेत्र के सेमरा, घोटगांव समिति का पत्ता खरीदा है। सेमरा समिति के तेंदूपत्ता को 5689 तथा घोटगांव समिति के तेंदूपत्ता की 6189 रूपये में बोली लगाई है। बेलरगांव समिति के पत्तों की हैदराबाद चेन्नादी फर्म ने बोली लगाई है। बेलरगांव के पत्तों को 6009 रूपये का भाव मिला है। धमतरी परिक्षेत्र के मोंगरागहन, बरबांधा समिति के पत्तों को तेलंगाना की शमीम आटा फर्म ने 6789 के अधिकतम भाव में खरीदा है। केरेगांव साउथ सिंगपुर परिक्षेत्र के चनागांव और डोकाल समिति 8889 मोहंदी (ए) समिति के पत्तों को 7722 रूपये, बिरझुली समिति के पत्तों को 8251 रूपये, गेदरा समिति के पत्तों को 7756 रूपये गट्टासिल्ली समिति के पत्तों को 8133 रूपये, रतावा समिति के पत्तों को 8406 रूपये, तुमड़ीबहार निर्राबेड़ा समिति के पत्तों को 9115 रूपये, जबर्रा दुगली समिति के पत्तों को सबसे अधिक भाव 9909 रूपये, मारागांव सिंगपुर समिति के पत्तों को 9351 रूपये, खड़मा समिति के पत्तों को 8579 रूपये, कुकरेल समिति के पत्तों को 8262 रूपये, नगरी समिति के पत्तों को 7977 रूपये, राजपुर समिति के पत्तों को 8007 रूपये, छुही समिति के पत्तों को 7777 रूपये, पठार समिति के पत्तों को 8419 रूपये, मोहंदी (बी) समिति के पत्तों को 7577 रूपये, अछोटा समिति के पत्तों को सबसे कम भाव 5510 रूपये तथा बोराई समिति के पत्तों को 5530 रूपये का अधिकतम भाव मिला है।

### संग्राहकों को मिलता है 5500 प्रति मानक बोरा

जिले में हजारों तेंदूपत्ता संग्रहक हैं। पिछले साल से प्रति मानक बोरा (पत्तों का एक हजार बंडल) संग्राहकों को 5500 सरकार दे रही है। पिछले वर्ष करीब 23 हजार मानक बोरा पत्ता का संग्रहण जिला से हुआ था। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26800 मानक बोरा पत्ता संग्रहण का विभागीय लक्ष्य है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** परकोल चौक से बरोली जाने के मार्ग में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बसना थाने में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी बिशीकेशन यादव निवासी ग्राम पोटापारा ने बताया कि उसका बड़ा भाई वीरेंद्र यादव अपनी मोटर सायकल एचएफ डीलक्स से 4 अप्रैल की शाम को ग्राम दुधीपाली काम से आया गया था, जब वह घर वापस ग्राम पोटापारा जा रहा था, इसी दौरान करीबन रात्रि 8 बजे परसकोल चौक से बरोली जाने का मार्ग संस्कार स्कूल के पास पहुंचने पर किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे वीरेंद्र यादव गिर गया और मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### नारी में मानसगान 8 से

**सिर्री।** ग्राम नारी के बजरंग चौक में जय मरेवापाट मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 8 से 10 अप्रैल तक मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कलश स्थापना एवं दीप प्रज्वलन 7 अप्रैल को होगा। 8 से 10 अप्रैल तकमानसगान कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी लोचन सोनकर ने दी।

### करेली बड़ी में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मगरलोड।** नवरात्रि एवं होली मिलन पर्व पर नवयुवक मित्र मंडल करेली बड़ी द्वारा 7 अप्रैल सोमवार को लकी कूपन ड्रा एवं रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम सोनहाबादर गुरुर जिला बालोद का रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में खुमेंद्र साहू, मानसिंग समेत अन्य जुटे हैं।

### सोनेवारा में जातरा 10 को

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा में कुंवरदाई का जातरा मेला 10 अप्रैल गुरूवार को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम साराबोंग का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष महेश ध्रुव, उपाध्यक्ष बनऊ निषाद ने दी है।

### गोजी में पशु मेला, प्रदर्शनी 11 को

**सिर्री।** ग्राम पंचायत गोजी में जिलास्तरीय पशु मेला एवं उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन 11 अप्रैल शुक्रवार को रखा गया है।

## तैयारी : जिले में सुशासन तिहार-2025 को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

# आमजन की समस्याओं का समाधान तत्परता से करें: कलेक्टर लंगेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- समस्याओं से संबंधित आवेदन 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक लिए जाएंगे

महासमुंद जिले में सुशासन तिहार-2025 की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार यह तिहार जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं जनसंवाद को सशक्त बनाने के लिए तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार 2025 के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान तत्परता से करें, ताकि उन्हें कहीं भटकना ना पड़े। बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, रविराज ठाकुर, एसडीएम महासमुंद हरिशंकर पैकरा, ओंकारेश्वर सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान कलेक्टर लंगेह ने कहा कि आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकाय कार्यालयों और कलेक्ट्रेट में समाधान पेटी रखी जाएगी। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें। कलेक्टर लंगेह ने आवेदन प्राप्त करने के लिए सभी सीईओ को ग्राम पंचायत स्तर पर, सभी नगरीय निकाय के सीएमओ को और सभी हाट बाजारों में सीएमएचओ को समाधान पेटी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने जिला स्तर पर समाधान शिविर के आयोजन के लिए जिला पंचायत सीईओ एस आलोक को नोडल अधिकारी और अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं रवि राज ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। इसके साथ ही सभी एसडीएम को विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारी बनाया गया है। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था रहेगी। कॉमन सर्विस सेंटर का भी ऑनलाइन आवेदन लेने के लिए उपयोग किया जा सकता है। प

रत्येक आवेदन को एक कोड देने की जानेकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। निर्धारित प्रारूप में खाली आवेदन पत्र प्रिंट कराकर ग्रामीणों को उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों को उसी दिन पोर्टल पर पंजीकृत कर ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक आवेदक को पावती प्रदान की जाएगी। यदि किसी आवेदन में मोबाइल नंबर अंकित नहीं है, तो संबंधित आवेदक को मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने के लिए कहा जाएगा, ताकि आवश्यक जानकारी उन्हें एसएमएस के माध्यम से भेजी जा सके। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि सुशासन तिहार तिथियों का विभिन्न प्रचार माध्यमों से और सभी सीईओ एवं सीएमओ को ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में मुनादी कराकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए।




### समाधान शिविरों का आयोजन 5 से 31 मई तक

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई से 31 मई 2025 तक किया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी और जहां संभव होगा, वहीं समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। इस तिहार में स्थानीय सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वे तिहार के प्रत्येक चरण में शामिल होंगे और जनता से सीधे संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और राज्य के अधिकारी प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो रहा है और लोगों को उनका लाभ मिल रहा है। कलेक्टर लंगेह ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सुशासन तिहार 2025 के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियाँ शीघ्र शुरू करें, ताकि सरकार की मंशानुरूप कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।



# मंदिर में ज्योत व घरों में जंवारा का रहा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में चैत्र नवरात्र के पर्व पर देवी मंदिरों व घरों में विशेष रूप से जंवारा बोने की परंपरा है। ये जवारे शुभ, समृद्धि व नई ऊर्जा के प्रतीक माने जाते हैं। ग्राम के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालु माता के आराधना में लीन रहे, वही वार्डों के घरों में ज्योत जंवारा उत्सव पर श्रद्धालुओं ने माता पूजा उपासना किया। भक्त नौ दिन व्रत रहकर, माता सेवा के भक्ति में डूबे रहे। घरों में ज्योत जलाने व जंवारा बोन के परंपरा आज भी कायम है। भक्त घरों में अपने देवी-देवता की पूजा अर्चना के लिए घरों में नौ दिन तक माता सेवा में लगे रहे। अष्टमी पर हवन पूजन व नौ कन्या भोज के बाद महाप्रसादी वितरण किया गया। देवी उपासना के लिए प्रतिदिन जसगीत सेवा गीत की प्रस्तुति मंडलियों ने सुबह-शाम दी। वही श्रद्धालु माता दर्शन के साथ सुख समृद्धि की कामना की गई।

### एनसीसी अस्पताल झलप में अब डायलिसिस एवं विशेषज्ञ सोनोलॉजिस्ट की सुविधा: डॉ. चोपड़ा

**महासमुंद।** एनसीसी अस्पताल झलप के संचालक एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने जानकारी दी है कि अब एनसीसी अस्पताल का विस्तार हो रहा है एवं झलप, पटेवा एवं पिथौरा के आसपास के क्षेत्र के लोगों को डायलिसिस की सुविधा के साथ सोनोग्राफी विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट द्वारा दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे की जाएगी। 4 वर्ष पूर्व झलप में नेमीचंद छोटी बाई चोपड़ा अस्पताल की स्थापना पिछड़े क्षेत्र में अच्छी चिकित्सा व्यवस्था के लिए की गई थी। एनसीसी अस्पताल में अब तक एक्सरे सोनोग्राफी, पैथोलॉजी, जनरल सर्जरी, हड्डी रोग सर्जरी, स्त्री रोग सर्जरी एवं सामान्य व ऑपरेशन डिलीवरी की सुविधा थी। अब आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क डायलिसिस की सुविधा इस माह के अंत तक प्रारंभ कर दी जाएगी। एनसीसी अस्पताल में अब सोनोग्राफी सुविधा का भी विस्तार हो रहा है एवं सोनोलॉजिस्ट डॉ. संदीप विशाल (नागपुर) भी अपनी सेवाएं देंगे एवं दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक ब्रेस्ट, थायराइड, बच्चेदानी, गर्भ, पेट रोग आदि की सोनोग्राफी करेंगे।

# समाधान पेटी में प्राप्त आवेदन पत्रों के संकलन एवं जमा करने हेतु अधिकारी की ड्यूटी निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरी एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में 8 से 11 अप्रैल 2025 तक प्रातः 11:00 से शाम 5:00 बजे तक प्रतिदिन आम जनता से समाधान पेटी में आवेदन प्राप्त कर सेक्टर अधिकारियों द्वारा आवेदन पत्रों को संकलित कर प्रतिदिन शाम 5:30 बजे तक जमा करने के लिए प्रत्येक अनुविभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जिसके लिए अनुविभाग महासमुंद हेतु नोडल अधिकारी कृष्ण कुमार साहू तहसीलदार महासमुंद, बरन सिंह मंडावी मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मोहित कुमार अमिला नायब तहसीलदार को नियुक्त किया गया है। महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 10 सेक्टर बनाए गए हैं, जिसमें 105 ग्राम पंचायत शामिल है। इनमें बिरकोनी सेक्टर के लिए सेक्टर अधिकारी मनीराम उईके वरिष्ठ कृषि अधिकारी होंगे। इसी तरह बरोडाबाजार सेक्टर के लिए लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खट्टी सेक्टर के लिए, जागेश्वर सिन्हा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शिक्षा विभाग, बेमचा सेक्टर के लिए डॉ. कमलेश चौधरी पशु चिकित्सक पशु चिकित्सा विभाग, भोरिंग सेक्टर के लिए उमेश चंद्राकर कृषि विकास अधिकारी, पटेवा सेक्टर के लिए डॉ. अंजु शर्मा पशु चिकित्सा विभाग, झारा सेक्टर के लिए हीना ढालेन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, रायतुम सेक्टर के लिए लता हरित सिन्हा उप अभियंता जनपद पंचायत महासमुंद, सिरपुर सेक्टर के लिए डॉ. प्रमोद कोसरिया पशु चिकित्सक पशु चिकित्सा विभाग को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 22 क्लस्टर बनाए गए हैं जिसमें 111 ग्राम पंचायत शामिल है। इनमें अरंड क्लस्टर के लिए केके वर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बरबसपुर क्लस्टर के लिए जीपी शरणागत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कलस्टर प्रभारी होंगे। इसी तरह मोगरापाली क्लस्टर के लिए फूल कुंवर बढ़ई अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन, तुपकबोरा क्लस्टर के लिए लोकनाथ ध्रुव रेंजर बागबाहरा, लमकेनी क्लस्टर के लिए मंगल चंद्राकर उप अभियंता लोक निर्माण विभाग, एम के बाहरा क्लस्टर के लिए मनोज चौधरी मंडल संयोजक, पोटिया क्लस्टर के लिए सिद्धार्थ त्रिपाठी उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कुरुभाटा क्लस्टर के लिए प्रणय खरे उद्यानिकी विस्तार अधिकारी, बिहाझर क्लस्टर के लिए धनीता पटेल उद्यानिकी विस्तार अधिकारी, मोगरापाली क्लस्टर के लिए साधराम कुर्रे अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, खैरटखुर्द क्लस्टर के लिए मीना चंद्राकर महिला एवं बाल विकास अधिकारी, कुलिया क्लस्टर के लिए भूपेश्वरी साहू डीआरसी, कोसमर्रा क्लस्टर के लिए मंलूजा सलाम सहायक खाद्य अधिकारी, पोखरा क्लस्टर के लिए भागबली साहू अनुविभागीय अधिकारी पीडब्लूडी, साल्हेभाटा क्लस्टर के लिए राजेश कौशिक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, पंडरीपानी क्लस्टर के लिए योगेंद्र वर्मा राजस्व निरीक्षक, हाडाबंद क्लस्टर के लिए देवराज दीवान राजस्व निरीक्षक, तमोरा क्लस्टर के लिए कमलेश साहू उप यंत्री जल संसाधन, मुनगाशेर क्लस्टर के लिए कुलेश्वरी भारद्वाज एसई पीएचई, चुरकी क्लस्टर के लिए हरीश बेहरा राजस्व निरीक्षक, बोकरामुड़ा खुर्द क्लस्टर के लिए दिलीप बांधे राजस्व निरीक्षक एवं द्वारकतराकला क्लस्टर के लिए आंचल चंद्रवंशी मत्स्य निरीक्षक को क्लस्टर प्रभारी नियुक्त किया गया है संबंधित ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक सहायक कर्मचारी रहेंगे।

पिथौरा विकासखंड अंतर्गत 10 क्लस्टर बनाए गए हैं जिसमें 126 ग्राम पंचायत शामिल है। प्रत्येक क्लस्टर में क्लस्टर नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें जम्हर क्लस्टर के लिए एलडी रायकवार अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन, खैरखूंटा क्लस्टर के लिए राम नारायण पटेल अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, बरेकोलखुर्द क्लस्टर के लिए रतन तंवर परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास, बगारपाली क्लस्टर के लिए रोहित कुमार बारिया वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, मुड़ागांव क्लस्टर के लिए नरेश पटेल बीआरसीसी पिथौरा, बोईमिलामी क्लस्टर के लिए कमलेश कुमार ठाकुर मंडल संयोजक आजाकवि, रिखादांदर क्लस्टर के लिए परशुराम शर्मा अनविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग, छवालिपतेरा क्लस्टर के लिए शैलेंद्र नायक मंडी सचिव पिथौरा, ढाबाखार क्लस्टर के लिए विवेक कुमार खाद्य निरीक्षक एवं लिमदरहा क्लस्टर के लिए यू आर वसंत अनुविभागीय अधिकारी वन को क्लस्टर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

विकासखंड बसना अंतर्गत 10 सेक्टर बनाए गए हैं जिसमें 102 ग्राम पंचायत शामिल है। प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर प्रभारी एवं क्लस्टर नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें बड़ेसाजा सेक्टर के लिए पूर्णानंद मिश्रा बीआरसीसी बसना, करनापाली सेक्टर के लिए रामसिंग मिरी सीडीपीओ बसना, बाराडोली सेक्टर के लिए जे आर दरिया बीईओ, लोहारिनडीपा सेक्टर के लिए जेवेल मिंज एसडीओ डब्लूआरडी, सुखापाली सेक्टर के लिए विनोद शुक्ला एसबीईओ, जमदरहा सेक्टर के लिए दिव्यांशु देवांगन खाद्य निरीक्षक, पलसापाली ए सेक्टर के लिए रोहित पटेल मंडल संयोजक, सालेझरिया सेक्टर के लिए बद्री विशाल जोल्हे एबीईओ, परसकोल सेक्टर के लिए भानु प्रताप टंडन उप अभियंता सिंचाई विभाग, खरोरा सेक्टर के लिए महेंद्र ध्रुव उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को सेक्टर प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसी तरह सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 10 सेक्टर बनाए गए हैं, जिसमें 107 ग्राम पंचायत शामिल है। प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर प्रभारी एवं उनके सहायक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# छपोराडीह में भव्य नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के छपोराडीह गांव में आयोजित भव्य नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंचे जनप्रिय नेता अमर अरुण चंद्राकर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खेल को युवाओं के जीवन में अनुशासन, ऊर्जा और सफलता का माध्यम बताया। अपने जोशीले भाषण में उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मन को भी मज़बूत बनाते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी आगे बढ़ें। इस मौके पर गांववासियों ने तालियों से उनका जोरदार स्वागत किया और टूर्नामेंट को ऐतिहासिक बना दिया।

### अमर ने खेल को बताया युवाओं की शक्ति



छत्तीसगढ़ के छपोराडीह गांव में आयोजित भव्य नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंचे जनप्रिय नेता अमर अरुण चंद्राकर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खेल को युवाओं के जीवन में अनुशासन, ऊर्जा और सफलता का माध्यम बताया। अपने जोशीले भाषण में उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मन को भी मज़बूत बनाते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी आगे बढ़ें। इस मौके पर गांववासियों ने तालियों से उनका जोरदार स्वागत किया और टूर्नामेंट को ऐतिहासिक बना दिया।

# 15 एवं 16 अप्रैल को दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य एनएनएस अधिकारी छग शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर डॉ. नीता बाजपेयी के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक कार्यालय जिला महासमुंद में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के निर्देशन एवं डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद के मार्गदर्शन में महासमुंद ब्लॉक के महाविद्यालय रासेयो इकाइयों की बैठक रखी गई। बैठक में डॉ मालती तिवारी द्वारा बताया गया कि 15 एवं 16 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत विभिन्न विधाओं में कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में भाषण, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगा जिसमें सभी सम्मिलित महाविद्यालय तीनों विधाओं में छात्र-छात्राओं को चयनित कर ब्लॉक स्तर के लिए सूची भेजने कहा गया। उक्त कार्यक्रम तहत 15 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में सम्मिलित महाविद्यालय से विजेता प्रतिभागियों का ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगा। प्रत्येक विधा में 03 प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किया जाएगा। विजेता प्रतिभागियों को द्वितीय दिवस 16 अप्रैल को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। 16 अप्रैल को कार्यक्रम में डॉ. नीता बाजपेयी राज्य एनएनएस अधिकारी रासेयो छग शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद विधानसभा, प्राचार्य प्रो करुणा दुबे की गरियामयी उपस्थिति में संपन्न होगी। साथ ही 16 अप्रैल को सड़क सुरक्षा उपाय पर सेमिनार का आयोजन यातायात विभाग महासमुंद द्वारा किया जाएगा। जिसमें सभी सम्मिलित महाविद्यालय से विजेता प्रतिभागियों के साथ साथ 20-20 विद्यार्थी एवं स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे। उक्त बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा व राजेश्वरी सोनी शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी महाविद्यालय महासमुंद, डॉ. श्वेतलाना नागल प्रतिनिधि के रूप में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, चुम्मन लाल निषाद इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन बेलसोंडा महासमुंद, मनहरण ठाकुर शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको, गायत्री चंद्राकर शांत्रीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय महासमुंद, प्रकाशमणि साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद उपस्थित रहे।



### भाजपा का स्थापना दिवस मना

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल के आह्वान पर वार्ड क्र 14 स्थित डॉ अंबेडकर चौक में भाजपा का स्थापना पर्व मनाया गया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, बूथ प्रभारी, पलाश यादव, हनीष बग्गा, हर्ष साहू, बुलु सेवई सहित युवा लोग शामिल थे।



### जसगीत व मांदर की थाप पर जोत जवारा का विसर्जन: अशवंत तुषार साहू

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन अछोली में प्रज्जवलित घरों व शीतला मंदिरों में विराजित फुलवारी का विर्सजन कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। सेवा जसगीत की धुन पर नाचते-गाते मांदर की थाप पर झूमते भक्तों ने श्रद्धा के साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन किया।



# घर के सामने खड़ी कार में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

रूद्री रोड स्थित दुलारी नगर में खड़ी कार में आग लग गई। इस कार के बगल में दूसरी कार खड़ी थी। आग ने उस कार को भी चपेट में ले लिया। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आगजनी का कारण अज्ञात है। इस घटना से कालोनी में हड़कंप मच गया था।

रुद्री रोड दुलारी नगर गली नंबर 3 में शनिवार रात अचानक जोर के धमाके की आवाज आई। आवाज इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोगों की नींद खुल गई और वे घर से बाहर आ गए। उन्होंने देखा कि कालोनी में रहने वाले एक बैंक मैनेजर की कार धूं-धूं कर जल रही थी।

HEALTH TOWN
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दलदली में पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ आज से

**महासमुंद।** नगर से 9 किमी दूर स्थित दलदली (उमरदा) में 5 दिवसीय रूद्र महायज्ञ का आयोजन 7 से 11 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धालु पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त कर सकते है। हवन प्रतिदिन सुबह 9 से प्रारंभ होगा। इसी तरह शाम 4 बजे से साढ़े 6 बजे तक धार्मिक प्रवचन होगा। यज्ञाचार्य पं. पंकज तिवारी होंगे। यज्ञ को लेकर रविवार 6 अप्रैल को अनेक अनुष्ठान समेत प्रायश्चित पूजा विधान पूर्ण कराया गया।

### 8 से 11 तक होगा ऑनलाईन आवेदन प्रविष्टि कार्य

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार-2025 के सफल संचालन हेतु 8 से 11 अप्रैल तक प्रत्येक दिन ऑनलाईन आवेदन प्रविष्टि कराने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत कलस्टर प्रभारियों से प्राप्त आवेदनों की डाटा एंट्री की जाएगी, जिसके लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महासमुंद द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। जारी आदेश के अनुसार, डाटा एंट्री कार्य की निगरानी एवं समन्वय हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें रोहिदास पारेश्वर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत महासमुन्द नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह श्रीमती स्वाती चंद्राकर, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), श्रीमती अर्चना चंद्राकर, सहायक प्रोग्रामर (मनरेगा) एवं नितेश प्रजापति, ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है तथा श्रीमती सावित्री साहू, भृत्य (मनरेगा) सहयोगी रहेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

## निधन

### खेदिया बाई ध्रुव



**महासमुंद।** ग्राम मचेवा निवासी खेदिया बाई ध्रुव (56वर्ष) का आकस्मिक निधन 5 अप्रैल 2025 शनिवार की रात हो गया। वह जोधन सिंह ध्रुव की पत्नी, टीकम, पीतांबर, भूपेंद्र ध्रुव की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार आज 6 अप्रैल 2025 रविवार को सुबह 11 बजे मचेवा के मुक्तिधाम में किया गया।

## समस्या : फसल के मुआवजे की मांग पर अड़े किसान

# हाथी-गौर कर रहे फसल चौपट डर में खेत नहीं जा रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



समीपस्थ ग्राम बार नवापारा के वनांचल ग्राम मुड़पार में इन दिनों हाथी और गौर (जंगली भैंसे) का आतंक कुछ इस कदर है कि किसान अपने ही खेतों में जाने से डरने लगे हैं। रबी सीजन की धान की फसलें इन वन्य जीवों के हमले का शिकार बन रही हैं, जिससे किसानों की मेहनत और उम्मीद दोनों मिट्टी में मिलती नज़र आ रही है। किसानों का कहना है कि वन विभाग सिर्फ उस हिस्से का मुआवजा देता है जहां जानवरों ने नुकसान पहुंचाया हो, जबकि जानवर एक बार खेत में घुसता है तो बार-बार आता है और धीरे-धीरे पूरी फसल तबाह कर देता है। ग्राम के पीड़ित किसान मोहन जगत, मोहित कुंजाम, चमरालाल नेताम, जयसिंह नेताम, कलीराम कपूर सिंह और हीरालाल नेताम ने बताया कि अब हालात ये हो गए हैं कि खेतों में फसल तो है, मगर किसान नहीं। डर का आलम ये है कि खेतों में जाना छोड़ दिया है, जिससे अनाज की भी उम्मीद जाती रही। इन किसानों ने परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी से मिलकर समस्या की जानकारी दी है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वन मंडलाधिकारी बलौदा बाजार से मिलकर अपनी बात रखेंगे। किसानों का ये भी कहना है कि सिर्फ एक जगह का आंशिक मुआवजा देना सरासर गलत है। हमारे खेत की तबाही पूरी हुई है, तो मुआवज़ा भी पूरा मिलना चाहिए। क्षेत्र में हाथियों की बढ़ती संख्या और फसलों को रौंदने की घटनाओं से किसान आक्रोशित हैं। वन विभाग की बेरुख़ी और खानापूर्ति से लोगों का भरोसा उठ रहा है। किसानों की मांग है कि जल्द से जल्द नुकसान की सही भरपाई की जाए, ताकि वह दोबारा खेती करने का हौसला जुटा सकें वरना आने वाले समय में खेतों की हरियाली सिर्फ एक सपना बन कर रह जाएगी।

# भाजपा के क्षेत्रीय संगठन व प्रदेश महामंत्री ने किए मां चंडी के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

चैत्र नवरात्र दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर खल्लारी विधानसभा मां चंडी माता मंदिर दर्शन करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय मां चंडी का आशीर्वाद लिया इस मौके पर महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, भेखलाल साहू, हेमंत तिवारी, प्रेम साहू, दुबेलाल साहू जसराज बाला चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य रवि फिरोदिया, पूर्व पार्षद मोगेश पिंटू चंद्राकर, भोजनाथ कल्लू देवांगन, रूपेश साहू, आबिद खान, हरमीत बग्गा, नरेंद्र बग्गा, अमन वर्मा, नंदू जलक्षत्री, महेंद्र गुप्ता, नीरू मानिकपुरी, हीरा साहू, गिरीश चक्रधारी आदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# यादव समाज को निगम मंडल में प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने से रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ में लोकसभा, विधानसभा, त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव हो गया है, किंतु, जिस तरह से छत्तीसगढ़ में जनसंख्या की दृष्टि से दूसरी जाति के श्रेणी में आने वाला यादव समाज के साथ धोखा किया गया, यह किसी से छिपा नहीं है। यादव जाति की सहभागिता भाजपा कांग्रेस दोनों ही पार्टी में रही है, ऐसे अनेक यादव नेता है, जो दोनों ही पार्टी के भीतर 30 से 40 वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं, किंतु, यह देखने में आ रहा है कि दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियां यादव समाज के साथ हमेशा विश्वासघात व उपेक्षित व्यवहार करती है, इससे पूर्व कांग्रेस और अब भाजपा पार्टी ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा में जीत कर आए यादव समाज से किसी भी विधायक को मंत्री तो बनाया नहीं, बल्कि राज्य सरकार द्वारा जारी निगम मंडल की सूची में भी एक यादव समाज के जनप्रतिनिधियों का नाम शामिल नहीं किया जाना दुखद है। यादव समाज ने कहा है कि गौ सेवा आयोग और दुग्ध संघ जैसे मंडल के पद को जो कि यादव जाति का पैतृक व्यवसाय है जिसे गौ पशुपालन से यादवों के साथ जुड़े होने के कारण यादव समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए था, किंतु, ऐसा नहीं किया गया, जिसकी घोर निंदा अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश यादव महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछड़े वर्ग की जातियों में यादव समाज का दूसरे नंबर में आता है। राष्ट्रीय पार्टियां न जाने क्यों यादवों के साथ भेदभाव, धोखा व उपेक्षित व्यवहार करती है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के निगम मंडल सूची पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि अब भाजपा की नजरों में यादव समाज से कोई ऐसा प्रतिनिधि योग्य नहीं है, जिसे निगम मंडल में भी लिया जा सके? भाजपा में यादव समाज से जीत कर आए हुए विधायक को मंत्री बनाने का सब्जबाग दिखाकर यादव समाज के साथ खिलवाड़ कर रही है। अब ऐसा लगता है कि जिस पार्टी में यादव समाज का प्रतिनिधि निगम मंडल में शामिल होने लायक नहीं वह पार्टी अब यादव समाज के प्रतिनिधि को मंत्री कैसे बनाएगी, यह संशय का विषय है।

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने यादव समाज की उपेक्षा को लेकर भाजपा सरकार को हिदायत देते हुए कहा है कि अविलंब भाजपा सरकार उनकी पार्टी में बरसों से तपस्या कार्य कर रहे यादवों को मंत्री सहित तीन यादवों को निगम मंडल में शामिल किया जाए। यादव समाज की जनता के साथ यदि भाजपा सरकार खिलवाड़ करती है तो भविष्य मे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा हाल ही में भाजपा पार्टी के 36 नेताओं को निगम, मंडल, बोर्ड, आयोग व परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर नियुक्त किया गया। हालांकि, इस सूची में यादव समाज से कोई भी व्यक्ति को स्थान नहीं मिला है, जो यादव समाज के लिए एक बड़ा आघात है। छत्तीसगढ़ शासन में यादव समाज की उपेक्षा यह समझ रहे हैं कि सब चुनाव संपन्न हो गया है। अब यादव लोगों की क्या जरूरत है तो जब भी आगामी चुनाव होगा उसमें खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहें। प्रदेश में बड़ी आबादी वाले यादव समाज को मंत्रिमंडल एवं निगम मंडल में प्रतिनिधित्व दे नहीं तो अविलंब हमारे यादव

# बोड़रीदादर स्थित चंडीदेव में जले 141 आस्था के ज्योत

## जसगीत सम्राट दुकालूराम यादव का कार्यक्रम आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

- नौ दिनों तक भंडारे का आयोजन किया गया



प्राचीन काल पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्री चंडीदेव जो कि बागबाहरा विकासखंड के ग्राम बोड़रीदादर में स्थापित है इस ग्राम के बुजुर्गों का कहना है कि जो घुंचापाली बागबाहरा के चंडीदाई और यहां के चंडीदेव दोनों को पति-पत्नी बताया यह निश्चय कर वे दोनो हिमालय पर्वत से छह मासी रात में ओडिशा के नरसिंहनाथ पहाड़ी जाने के लिए निकले थे जो कि सुबह होने से पहले वहां पहुंचना था। तब उस समय माता चंडी गर्भवती थी इस कारण धीरे-धीरे रुक रूककर चल रही थी वहां पर पहुंच नहीं सकी सका। माता चंडी घुंचापाली के पहाड़ी में मूर्ति के रूप में स्थापित हो गई और चंडीदेव बोड़रीदादर के भूमि पहले घनघोर जंगल हुआ करता था चंडीदेव मूर्ति के रूप में स्थापित हो गए यह मूर्ति हजारों साल का बताया जा रहा है। बताया जाता है कि सुवरमालगढ़ के राजाओं का शासन राज पाठ चला करता था, तब कोमाखान के राजा भानुप्रताप सिंह शिकार के लिए बोड़रीदादर, सेन भांठा और कोसमर्रा इत्यादि के घनों जंगलों में जाया करते थे। चलते-चलते राजा को चंडीदेव की मूर्ति दिखाई दी तब राजा ने मूर्ति को उठाने का प्रयास किया लेकिन नहीं उठा सका, फिर रात में राजा के सपनों में चंडी देव आए तब राजा ने बोड़रीदादर में स्थापित चंडीदेव की पूजा पाठ के लिए प्रजा के साथ एवं वहां के बिंझवार बैगा भरलसिंह पहुंचे थे।

इसी दिन से सर्वप्रथम विधिवत पूजन अर्चन किया था इनके साथ बैगा के पुत्र भी था। पूजा पाठ करने के बाद सभी ने अपने-अपने घर लौट आएग्र इस दौरान बैगा बिंझवार जल से भरे लोटे को वहां से भूल आए तभी उनके पुत्र को लोटे को लाने के लिए वहां भेजा था। घंटों बीत जाने के बाद भी उनका पुत्र घर नहीं लौटा। तब बैगा ने जाकर देखा तो उसे ग्रहण कर लिया था और उसका मात्र हाथ का उंगली ही दिख रहा था। इसे देखकर पुजारी बैगा क्रोध में आकर अपने पैरों व लात से चंडीदेव को मारने लगे थे। तभी बैगा ने कहा आज से आगे से नहीं पीछे पूजा पाठ होगी। तब से लेकर आज तक श्रध्दालु पूजा पाठ पीछे बैठकर करते है। आज भी इस क्षेत्र के लोग चंडीदेव को सुमर कर जाते है जैसे की महामारी जैसे प्रकोप किसी प्रकार के अनहोनी नहीं हुई है। इस दौरान श्री चंडीदेव समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर, संरक्षक पुष्कर चंद्राकर, संजय चंद्राकर, रविशंकर चंद्राकर, उपाध्यक्ष देवकुमार साहू, कोषाध्यक्ष जितेंद्र क्षत्रिय, मोहरसिंह चक्रधारी, गांधी चंद्राकर, लक्की चंद्राकर, मोहन बालकुमार, दिनेश नाग, मोरध्वज, अशोक बाबूलाल, हेमूराम नंद, इशु लहरे समेत इस क्षेत्र के श्रद्धालु चैत्र और क्वांर नवरात्र पर मनोकामना का ज्योत जलाते है और प्रसादी के रूप में नौ दिनों तक भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान जसगीत सम्राट दुकालू राम यादव का कार्यक्रम भी हुआ। रामनवमी जन्म उत्सव पर गांव में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में गांव के लोग शामिल हुए।

# बसना में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

भाजपा मंडल बसना में 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी उपस्थित रहीं। शहर के हृदय स्थल शहीद वीर नारायण चौक में सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी ने भाजपा का झंडा फहरा कर कार्यक्रम का शुरुआत किया। सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि आज भाजपा पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, उन्होंने भाजपा के संस्थापक अटल बिहारी वाजपेयी एवं लालकृष्ण आडवाणी को याद करते हुए कहा कि कभी संसद में भाजपा के दो सदस्य होने पर कांग्रेसियों द्वारा तंज कसा जाता था। कार्यक्रम में आभार व्यक्त भाजपा मंडल महामंत्री जन्मजय साव ने किया। भाजपा स्थापना दिवस पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीतगुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष मोहित पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खोल बाहरा निराला सहित पार्षद गण, जनपद सदस्य गण, शक्ति केंद्र के सभी प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक और कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**सरायपाली।** भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंदिर स्कूल में भाजपा स्थापना दिवस हर्ष उल्लास से मनाया। स्थापना दिवस के अवसर भाजपा के वरिष्ठ नेता छतर सिंह नायक, जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा, नप पूर्व अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल ने बीजेपी का झंडा फहराया। तत्पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की स्थापना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बीजेपी का सफर 1980 से शुरू हुआ था और अब यह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। पार्टी का उद्देश्य विकसित भारत की दिशा में काम करना है एवं भाजपा की नीति रीति के बारे में बताया। कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिंदाबाद के नारे के साथ मिठाई वितरण कर स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में अनंत कुमार पटेल, हेमंत प्रधान, धर्मेंद्र चौधरी, बिहारी लाल अग्रवाल, तारेश्वरी नायक, घासी राम अग्रवाल, लोकनाथ बारी, स्वर्ण सिंह सलूजा, रेशम पटेल, अमृत पटेल, भूपेश सलूजा, रोमी सलूजा, प्रमोद कुमार सागर, विष्णु अग्रवाल, डॉ प्रकाश पटेल, डॉ आशीष दास, मुरली नायक, रविंद्र पंडा, तिलक साहू, प्रदीप प्रधान, मो अख्तर मेमन, मनोज दास, मुकेश आदित्य, गजेंद्र ठाकुर, युवराज गोस्वामी, राजा बग्गा किशन जायसवाल, विदित धनानिया, आशीष सेन, कन्हैया पटेल, दुष्यंत नायक, मोहन चौहान, रोहित साहू, देवराज चौहान, शिवा जायसवाल, लव कुमार चौधरी, महेंद्र सिंह, नीरज अग्रवाल, झप्पी लाल मांझी, विक्रम यादव, आदि उपस्थित थे।

## सोनई रूपई मंदिर में अष्टमी हवन..



**महासमुंद।** ग्राम खट्टी के पहाड़ी स्थित सोनई रूपई माता मंदिर में नवरात्र पर्व की धूम रही। इस वर्ष यहां 308 ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। इस दौरान भक्तों द्वारा तृतीया, पंचमी व सप्तमी, अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसादी की व्यवस्था की गई। पूरे नौ दिनों तक माता सेवा जसगीत मंडलियों द्वारा की गई। अष्टमी हवन के अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी व ग्राम खट्टी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर आहुति दी।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर नयापारा में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ जनहित में समर्पित है भाजपा: प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम 6 अप्रैल को स्थानीय वार्ड 07 नयापारा में भगवान श्रीरामचंद्र, भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी, भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यर्पण पूजाअर्चना कर कार्यक्रम प्रभारी जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर पूर्व वरिष्ठ पार्षद, कार्यक्रम की शहर संयोजक मीना वर्मा की उपस्थिति में हर्षोल्लास से मनाया गया।

6 अप्रैल 1980 को भाजपा के गठन से लेकर वर्तमान परिस्थितियों तंक पार्टी के इतिहास और सुशासन काल का उल्लेख करते हुए जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा पर रीति नीति और सिद्धांतों की राजनीति करने वाली पार्टी है। भाजपा के संस्थापक महापुरुषो के संघर्षमय जीवनगाथा से भी उपस्थित जनों को अवगत कराते हुए प्रदीप ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर चलते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार सबका साथ और सबका विकास के लिए संकल्पित होकर जनकल्याण कारी कार्यो और योजनाओं के माध्यम से संपूर्ण विकसित भारत के निर्माण में



निरंतर जुटे हुए है। गांव गरीब मजदूर किसान सहित सर्ववर्ग का सर्वांगीण विकास भाजपा की प्राथमिकता है। जिला महामंत्री ने उपस्थित जनसमूह को नवरात्रि पर्व, रामनवमी की शुभकामनाएं दिया। पूर्व पार्षद मीना वर्मा ने भी क्षेत्रवासियों को भाजपा के स्थापना दिवस, रामनवमी के पावनपर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। भारत देश भाजपा के शासनकाल मे एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, विकसित भारत की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश को अनेकों ऐतहासिक उपलब्धि हासिल हुई है।

प्रदेश के विकास पुरुष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासनकाल में प्रदेश की जनता को बहुत कम समय मे आर्थिक उन्नति प्रगति का अवसर मिला है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान कर सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

स्थापना दिवस के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, भगवती करकसे, शोभा तंबोली, सारिका यादव, समीर करकसे, दुजसेन, भगवती साहू, कृष्णा विश्वकर्मा, दशोदा नाग, शैलेंद्री ध्रुव, कुंती सिन्हा, सावित्री सिन्हा, जीवन, कुमारी, उषा साहू, कुमारी पटेल, मुकेश, दिनेश, पप्पू सिन्हा, राजकुमारी, पद्मिनी नागेश, भुवन सिन्हा, हंसराज, जानकी सोनी, कुमारी सोनी, गायत्री ध्रुव, गंगा, सवादी बाई, गणेशी, जनकदुलारी, सावित्री, विनय वर्मा, प्रताप सिंह, दिनेश सिन्हा, धनेश सहित बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

